बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन सं॰ 03/2013 के अन्तर्गत बिहार लोक सेवा आयोग कार्यालय में सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 20.12.2014 को पटना अवस्थित 07 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी, जिसमें सामान्य हिन्दी एवं सामान्य ज्ञान विषयों क प्रश्न वस्तुनिष्ठ थ। उक्त दोनों विषयों की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के आदर्श उत्तर दिनांक 25.12.2014 से आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त दोनों विषयों के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के आदर्श उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव अपने नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजें कि वह दिनांक 09.01.2015 की संध्या 5.00 बजे तक बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। लिफाफा पर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अवश्य लिखें। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना